**भारत सरकार**

**इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय**

**राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, हिमाचल प्रदेश, शिमला**

# हिंदी समिति की बैठक, एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला एवं हिंदी संगोष्ठी का आयोजन

**दिनांक: 17-अगस्त-2024**

राजभाषा हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने एवं सरकार की राजभाषा नीति के प्रति अनुकूल वातावरण बनाने के उद्देश्य से केंद्र सरकार के अंतर्गत आने वाले सभी कार्यालयों में वर्ष की प्रत्येक तिमाही में हिंदी कार्यान्वयन समिति की बैठक, हिंदी कार्यशाला एवं हिंदी संगोष्ठी का आयोजन अपेक्षित है।

उक्त उद्देश्य हेतु राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, हिमाचल प्रदेश में वित्त वर्ष 2024-25 की द्वितीय तिमाही (01-जुलाई-2024 से 30-सितम्बर-2024) एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन दिनांक 17-अगस्त-2024 को किया गया तथा कार्यालय की हिंदी कार्यान्वयन समिति की बैठक एवं हिंदी संगोष्ठी का आयोजन भी इसी दिन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, हिमाचल प्रदेश के अंतर्गत आने वाले सभी कार्यालयों के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। इस बैठक में हिमाचल प्रदेश राज्य के समस्त जिला केंद्रों तथा अन्य कार्यालयों के समस्त अधिकारी व कर्मचारी वीडियो सम्मेलन के माध्यम से कार्यशाला की बैठक में उपस्थित हुए।




**श्री अजय सिंह चैहल जी, उपमहानिदेशक एवं राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी हिंदी कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए**

हिंदी कार्यशाला के आयोजन की सूचना पूर्व में ही समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ईमेल के माध्यम से दे दी गयी थी।

### हिंदी समिति की बैठक

सर्वप्रथम कार्यालय की हिंदी कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें समिति के अध्यक्ष श्री अजय सिंह चैहल जी एवं समिति के तीन सदस्यों श्री विनोद कुमार गर्ग, श्री विमल कुमार शर्मा एवं श्री संजय शर्मा ने भाग लिया। समिति की बैठक में राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, हिमाचल प्रदेश राज्य कार्यालय एवं इस कार्यालय के अंतर्गत समस्त अधीनस्थ कार्यालयों में राजभाषा के प्रयोग की समीक्षा की गयी एवं यह पाया गया कि राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी जी के मार्गदर्शन में राज्य कार्यालय एवं सभी अधीनस्थ कार्यालयों में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा कार्यालय में हिंदी का प्रयोग अधिक से अधिक किया जा रहा है।

### हिंदी कार्यशाला

हिंदी समिति की बैठक के पश्चात् एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन पूर्व निर्धारित समयानुसार कार्यालय के वीडियो सम्मलेन कक्ष में पूर्वाह्न् 10:30 बजे आरम्भ किया गया। जिसमें राज्य कार्यालय एवं समस्त अधीनस्थ कार्यालयों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया तथा जिला एवं अन्य कार्यालयों के अधिकारियों व कर्मचारियों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लिया। हिंदी कार्यशाला के आरंभ में राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी महोदय द्वारा राजभाषा हिंदी को बढ़ावा देने के लिए समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया एवं राजभाषा हिंदी के महत्व पर प्रकाश डाला।





हिंदी कार्यशाला के दौरान अधीनस्थ कार्यालयों के अधिकारी व कर्मचारी वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से भाग लेते हुए

कार्यशाला के दौरान विभिन्न तकनीकी सत्रों व तकनीकी समाचार सत्र का आयोजन किया गया, जो कि विभिन्न वक्ताओं द्वारा हिंदी माध्यम में ही समझाया गया।

### राजभाषा हिंदी के माध्यम से 'ड्रोन" पर व्याख्यान

श्री मोहन राकेश अग्रवाल, अतिरिक्त जिला सूचना-विज्ञान अधिकारी, सिरमौर (स्थित नाहन) द्वारा 'ड्रोन' विषय पर व्याख्यान दिया गया। जिसमें उन्होंने ड्रोन व ड्रोन तकनीक पर विस्तार से सभी को समझाया। इसके अलावा उन्होंने ड्रोन के प्रकार, प्रकारानुसार विभिन्न विशेषताओं व उनके उपयोगों एवं संचालन संबंधी विस्तृत जानकारी भी साझा की। उन्होंने ड्रोन उड़ाने हेतु नियमों व नागरिक उड्डयन महानिदेशालय से अनुमति एवं लाइसेंस इत्यादि की प्रक्रिया पर प्रकाश डाला।




हिंदी कार्यशाला के दौरान व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए श्री मोहन राकेश अग्रवाल जी

### मोबाइल ऐप के माध्यम से बहुविकल्पीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

इसके पश्चात् कार्यशाला के दौरान राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, हिमाचल प्रदेश द्वारा बनाए गए 'हिंदी-बोध' मोबाइल ऐप के माध्यम से दो प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें हिंदी के सामान्य प्रश्नों के साथ-साथ व्याख्यान में दी गयी जानकारी पर आधारित प्रश्न पूछे गए। प्रत्येक प्रतियोगिता में क्रमशः 10 व 12 प्रश्न पूछे गए, जिसमें क्रमश: 31 तथा 29 अधिकारियों ने भाग लिया तथा दोनों प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं में प्रश्नों के उत्तर देने की समय सीमा को अलग-अलग तरीके से प्रतियोगिताओं में डाला गया।

### प्रथम प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का परिणाम:

| स्थान | प्रतिभागी का नाम | पद | नियुक्ति का स्थान |
|---|---|---|---|
| प्रथम | श्री संजीव कुमार | वैज्ञानिक-सी | राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, जिला केंद्र सोलन |
| द्वितीय | श्री संजय कुमार | वैज्ञानिक-ई | राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, हिमाचल प्रदेश राज्य केंद्र |
| तृतीय | श्री दलजीत सिंह राणा | वैज्ञानिक-ई | राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, हिमाचल प्रदेश राज्य केंद्र |

## द्वितीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का परिणाम:

| स्थान | प्रतिभागी का नाम | पद | नियुक्ति का स्थान |
|---|---|---|---|
| प्रथम | श्री अजय सिंह चैहल | राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी | राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, हिमाचल प्रदेश |
| द्वितीय | श्री स्वेतांश शतक | वैज्ञानिक/तकनीकी सहायक-ए | राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, जिला केंद्र सोलन |
| तृतीय | श्री संजय कुमार | वैज्ञानिक-ई | राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, हिमाचल प्रदेश राज्य केंद्र |

## हिंदी संगोष्ठी

हिंदी कार्यशाला के आयोजन के दौरान हिंदी संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, हिमाचल प्रदेश के समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लिया। संगोष्ठी के दौरान श्री अजय सिंह चैहल जी, राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी ने राजभाषा के विषय में अपने विचार व्यक्त किए एवं सभी का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि राजभाषा कार्यशाला एवं संगोष्ठी के दौरान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं एवं अन्य गतिविधियां जारी रहनी चाहिए।

हिंदी कार्यशाला एवं संगोष्ठी का कार्यक्रम दिनभर जारी रहा एवं राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, हिमाचल प्रदेश के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने कार्यालय में राजभाषा हिंदी के शत-प्रतिशत प्रयोग हेतु अपने-अपने विचार रखे एवं अपने-अपने अनुभवों को साझा किया, जो कि सभी के लिए अत्यंत प्रेरणादायी रहे। आगामी कार्यशाला के दौरान विषय विशेष पर व्याख्यान प्रस्तुती की कड़ी को आगे बढ़ाते हुए श्री दीपक कुमार व्याख्यान प्रस्तुत करेंगे।



हिंदी कार्यशाला एवं संगोष्ठी के दौरान उपस्थित समस्त अधिकारी व कर्मचारी

## दिनांक 17-08-2024 को हिंदी कार्यशाला में उपस्थित अधिकारी:

| | | |
|---|---|---|
| **राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, हिमाचल प्रदेश राज्य केंद्र** | | |
| 1 | श्री अजय सिंह चैहल | राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी / वैज्ञानिक-जी |
| 2 | श्री ललित कपूर | वैज्ञानिक-एफ |
| 3 | श्री संदीप सूद | वैज्ञानिक-एफ |
| 4 | श्री संजय कुमार | वैज्ञानिक-एफ |
| 5 | श्री संजय शर्मा | वैज्ञानिक-एफ |
| 6 | श्री विजय कुमार गुप्ता | वैज्ञानिक-एफ |
| 7 | श्री विमल कुमार शर्मा | वैज्ञानिक-एफ |
| 8 | श्री शैलेन्द्र कौशल | वैज्ञानिक-एफ |
| 9 | श्री दलजीत सिंह राणा | वैज्ञानिक-ई |
| 10 | श्री संजय कुमार | वैज्ञानिक-ई |
| 11 | श्री मुकेश कुमार | वैज्ञानिक-डी |
| 12 | श्री सर्वजीत कुमार | वैज्ञानिक-सी |
| 13 | श्रीमती वंदना सांख्यान | वैज्ञानिक-सी |
| 14 | श्री पृथ्वी राज | वैज्ञानिक-सी |
| 15 | श्री चन्द्र शेखर | वैज्ञानिक/तकनीकी सहायक-ए |
| 16 | राजेश कुमार यदुभुष्णम | अनुभाग अधिकारी |
| 17 | विनय डोगरा | सहायक अनुभाग अधिकारी |
| 18 | श्री शंकर लाल | वरिष्ठ सचिवालय सहायक |
| 19 | श्री हमेन्दर लाल | वरिष्ठ सचिवालय सहायक |
| **हिमाचल प्रदेश विधान सभा कार्यालय** | | |
| 20 | श्री संदीप कुमार | वैज्ञानिक-ई |
| **हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय कार्यालय** | | |
| 21 | श्री चुन्नी लाल | वैज्ञानिक-सी |
| 22 | श्री जितेन्द्र शर्मा | वैज्ञानिक अधिकारी-एस.बी. |

| | | |
|---|---|---|
| **जिला केंद्र, हमीरपुर** | | |
| 23 | श्री विनोद कुमार गर्ग | वैज्ञानिक-एफ |
| 24 | श्री अनुराग गुप्ता | वैज्ञानिक-ई |
| **जिला केंद्र, कांगड़ा** | | |
| 25 | श्री भुपिंदर पाठक | वैज्ञानिक-एफ |
| 26 | श्री अक्षय मेहता | वैज्ञानिक-ई |
| **जिला केंद्र, किन्नौर** | | |
| 27 | श्री बलवान सिंह | वैज्ञानिक-डी |
| **जिला केंद्र, कुल्लू** | | |
| 28 | श्री ब्रिजेंदर कुमार डोगरा | वैज्ञानिक-ई |
| **जिला केंद्र, मंडी** | | |
| 29 | श्री अखिलेश भारती | वैज्ञानिक-एफ |
| 30 | श्री अश्वनी कुमार | वैज्ञानिक-ई |
| **जिला केंद्र, शिमला** | | |
| 31 | श्री पंकज गुप्ता | वैज्ञानिक-एफ |
| 32 | श्री दीपक कुमार | वैज्ञानिक-सी |
| **जिला केंद्र, सिरमौर** | | |
| 33 | श्री विजय कुमार | वैज्ञानिक-ई |
| 34 | श्री मोहन राकेश अग्रवाल | वैज्ञानिक-डी |
| **जिला केंद्र, सोलन** | | |
| 35 | श्री संजीव कुमार | वैज्ञानिक-सी |
| 36 | श्री स्वेतांश शतक | वैज्ञानिक/तकनीकी सहायक-ए |
| **जिला केंद्र, ऊना** | | |
| 37 | श्री संजीव कुमार | वैज्ञानिक- ई |
| 38 | श्री भुपिंदर सिंह | वैज्ञानिक-डी |